# अभ्यास प्रश्न पत्र - 2023

## कक्षा-12

## विषय - अर्थशास्त्र ; सेट (स)

**समय -3 घंटे** **पूर्णांक-80**

**निर्देश**

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**

**2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इनमें से सही विकल्प 07 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 06 अंक एवं सत्य /असत्य 07 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है |**

**3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |**

**4, प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 30 शब्द)**

**5, प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 75 शब्द)**

**6.प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं | (शब्द सीमा अधिकतम 120 शब्द)**

**प्रश्न.1) सही विकल्प का चयन कीजिए :-** **(1*7)**

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में अध्ययन किया जाता है -

(अ) व्यक्तिगत इकाइयों का (ब) राष्ट्रीय आय का

(स) पूर्ण रोजगार का (द) उपर्युक्त सभी

(ii) सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम आधार होता है -

(अ) मूल्य निर्धारण का (ब) मांग के नियम का

(स )उपभोक्ता की बचत का (द) उपर्युक्त सभी

(iii) उत्पादन फलन में उत्पादन किसका फलन है -

(अ) कीमत का (ब) उत्पति के साधनों का

(स) कुल व्यय का (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) सामूहिकता शामिल है -

(अ) व्यष्टि अर्थशास्त्र में (ब) समष्टि अर्थशास्त्र में

(स) दोनों में (द) दोनों में से कोई नहीं

(v) आय तथा बचत दोनों परस्पर -

(अ) एक-दूसरे से प्रत्यक्ष सम्बन्ध रखते हैं (ब) एक-दूसरे से विपरीत सम्बन्ध रखते है

(स) प्रत्यक्ष तथा विपरीत दोनों (द) न तो प्रत्यक्ष न ही विपरीत

(vi) केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया जाता है -

(अ) राज्य सरकार द्वारा (ब) केंद्र सरकार द्वारा

(स) स्थानीय सरकार द्वारा (द) केंद्र शासित सरकार द्वारा

(vii) व्यापार संतुलन में कौन सी मदें शामिल हैं -

(अ) अदृश्य मदें (ब) दृश्य मदें

(स) (अ) और (ब) दोनों (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

https://www.mpboardonline.com

**प्रश्न.2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-** **(1*6)**

(i) उत्पादन सम्भावना वक्र ____से दायें की तरफ ढालू होता है |

(ii) चाय तथा कॉफ़ी ____वस्तुएँ हैं |

(iii) _____अवधि पर स्थिर लागत नहीं होती |

(iv) समष्टि अर्थशास्त्र को ____अर्थशास्त्र भी कहते हैं |

(v) सकल घरेलू उत्पाद - मूल्य ह्रास =__________|

(vi) कीन्स का रोजगार सिद्धांत ______ कालीन है |

**प्रश्न.3) निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइये: -** **(1*6)**

| | (अ) | (ब) |
|---|---|---|
| (i) | मांग के नियम का आधार | (क) बाज़ार मांग = बाज़ार पूर्ती |
| (ii) | कुल उत्पादन परिवर्तन | (ख) उपयोगिता ह्रास नियम |
| (iii) | बाज़ार संतुलन | (ग) MPI |
| (iv) | राष्ट्रीय आय | (घ) एक प्रवाह |
| (iv) | ΔI /ΔY | (ड़) T P |
| (v) | आधिक्य बजट | (च) आय का व्यय से अधिक होना |

**प्रश्न.4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिये -** **(1*6)**

(i) वह तालिका जिसमें कीमत तथा खरीदी गयी मात्रा के सम्बन्ध को प्रकट किया जाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(ii) पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म का साम्य कहाँ होता है ?

(iii) किसी वस्तु की कीमत निर्धारण में दो महत्वपूर्ण शक्तियाँ क्या होती है ?

(iv) वह लाभ जो एक फर्म सामान्य लाभ से ऊपर अर्जित करता है, क्या कहलाता है ?

(iv) कागज़ी मुद्रा के निर्गमन का अधिकार किसे होता है ?

(v) समय के विशेष बिंदु पर मापी गई मात्रा को क्या कहते हैं ?

**प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों में सत्य/असत्य लिखिए -** **(1*7)**

(i) उपयोगिता एक आत्मनिष्ठ धारणा है |

(ii) औसत लागत वक्र "U" आकार का नहीं होता |

(iii) सेवाओं का संग्रह किया जा सकता है |

(iv) राष्ट्रीय पूंजी में सेवाएं शामिल होती हैं|

(v) समग्र मांग आय से ऋणात्मक रूप से संबंधित है।

(vi) कीन्स की अर्थव्यवस्था में न्यून माँग की दशा को अपूर्ण रोजगार संतुलन कहा जाता है |

(vii) आयात-निर्यात की केवल दृश्य मदों को व्यापार संतुलन में शामिल किया जाता है |

प्रश्न.6) सीमांत उत्पादन सम्भावना से क्या आशय है ? (2)

अथवा

व्यष्टि अर्थशास्त्र के महत्व लिखिए |

प्रश्न.7) अल्पकालीन लागत किसे कहते है? (2)

अथवा

स्थिर लागत किसे कहते हैं ?

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न.8) उच्चतम निर्धारित कीमत एवं निम्नतम निर्धारित कीमत किसे कहते हैं (2)

अथवा

नियंत्रित कीमत एवं समर्थन कीमत का अर्थ लिखिए |

प्रश्न.9) कुल उत्पादन से क्या आशय है ? (2)

अथवा

अल्पकाल से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न.10) राष्ट्रीय आय का अर्थ लिखिए| (2)

अथवा

राष्ट्रीय आय लेखांकन की विशेषताएं बताइए |

प्रश्न.11) सकल घरेलु उत्पाद की विशेषताएं बताइए | (2)

अथवा

NDP से आप क्या समझते है ?

प्रश्न.12) भारतीय रिज़र्व बैंक को अंतिम ऋणदाता कहा जाता है, समझाइए | (2)

अथवा

रिज़र्व बैंक को बैंकों का बैंक क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न.13) जे.बी.से का बाज़ार नियम लिखिए| (2)

अथवा

समग्र पूर्ती क्या है ?

प्रश्न.14) तकनीकी बेरोजगारी का अर्थ स्पष्ट कीजिये| (2)

अथवा

उपभोग तथा आय में क्या सम्बन्ध है ?

प्रश्न.15) न्यून मांग एवं अतिरेक मांग में तुलना कीजिये | (2)

अथवा

अभावी मांग के कारण लिखिए |

प्रश्न.16) बजट रेखा क्या है ?यह दायीं ओर कब खिसकती है | (3)

अथवा

मांग की कीमत लोच किसे कहते हैं ?

प्रश्न.17) धनात्मक और गुणात्मक उपयोगिता किसे कहते हैं ? (3)

अथवा

उपभोक्ता संतुलन को परिभाषित कीजिये |

प्रश्न.18) पूर्ण प्रतियोगिता एक काल्पनिक धारणा है | समझाइए | (3)

अथवा

पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताएं बताइए |

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न.19) वस्तु विनिमय प्रणाली क्या है ?इसकी कमियाँ लिखिए | (3)

अथवा

"मुद्रा मूल्य का मापक एवं क्रय शक्ति के हस्तांतरण का आधार है |" समझाइए |

प्रश्न.20 मांग को निर्धारित करने वाले चार तत्व लिखिए | (4)

अथवा

मांग की लोच के क्या महत्त्व है ?

प्रश्न.21) लागत वक्र U आकार के क्यों होते हैं ? कारण लिखिए | (4)

अथवा

उत्पादन फलन को प्रभावित करने वाले आवश्यक तत्वों को बताइए |

प्रश्न.22) परिवर्तन या लोचपूर्ण विनिमय दर के पक्ष तथा विपक्ष में तर्क प्रस्तुत कीजिये | (4)

अथवा

राजस्व व्यय और पूंजीगत व्यय में भेद कीजिये |

प्रश्न.23) भुगतान शेष सदैव संतुलन में रहता है | समझाइए | (4)

अथवा

चालू खाते के घटकों को समझाइए |

https://www.mpboardonline.com